हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, शनिवार, 13 जुलाई 2024

11 समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना जरूरी:भारद्वाज



12 स्किट प्रतियोगिता में जी लिट्रा स्कूल की टीम ...



## खबर संक्षेप

### वित्त मंत्री जेपी दलाल कल लोहारू में

**लोहारू।** प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल 14 जुलाई को लोहारू के विभिन्न कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वित्त मंत्री प्रयास एक कोशिश सामाजिक संस्था द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर प्रतिभाओं को सम्मानित करेंगे। वित्त मंत्री लोहारू से ढाणी अकबरपुर रोड पर वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण करेंगे। यह जानकारी वित्त मंत्री के कैंप कार्यालय से प्राप्त हुई है।

### तोशाम में 2 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**तोशाम।** 33 केवी सब स्टेशन तोशाम से चलने वाली 11 केवी लाइन नलवा, वाटर सप्लाई, गुलशन नगर, मुजादपुर, भूरटाना तथा तोशाम शहर की बिजली आपूर्ति शनिवार सुबह 2 घंटे बाधित रहेगी। 33 केवी सब स्टेशन तोशाम के इंचार्ज वजीर सिंह पंघाल ने बताया कि शनिवार को बिजली घर में मरम्मत कार्य के चलते सुबह 8 बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 30 मिनट तक 11 केवी लाइन की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन आमंत्रित

**भिवानी।** अतिरिक्त उपायुक्त, मुख्य परियोजना अधिकारी नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, हर्षित कुमार ने बताया कि सरकार के निर्णय अनुसार तीन एचपी से 10 एचपी पीएम कुसुम योजना के तहत 75 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पम्प दिया जाएगा। सौर ऊर्जा ट्यूबवेल के लिए 25 जुलाई 2024 ऑनलाइन आवेदन सरल हरियाणा के पोर्टल सरल हरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अधिक जानकारी के लिए कमरा नंबर 24, अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय, जिला भिवानी से संपर्क करें।

### 15 जुलाई से हड़ताल करेंगे कंप्यूटर ऑपरेटर

**तोशाम।** हरियाणा कम्प्युटर प्रोफेशलन संघ विभिन्न मांगों को लेकर 15 जुलाई से आंदोलन की घोषणा करते हुए हड़ताल पर जा रहे है। तोशाम में संघ के पदाधिकारी हड़ताल को लेकर विभिन्न विभागों का समर्थन मांग रहे है। शुक्रवार को संघ ने पटवारी एवं कानूनगों एसोसिएशन के जिला प्रधान सुनील पटवारी से समर्थन मांगा और ज्ञापन दिया। प्रधान ने बताया कि कम्प्यूटर प्रोफैशलन संघ के सभी सदस्य 15 जुलाई को हड़ताल पर जा रहे है।

### महिला थाने के स्टाफ को किया सम्मानित

**चरखी दादरी।** हमारे समाज एवं कानून व्यवस्था में पुलिस अहम हिस्सा है, जो सारी व्यवस्था को सुचारू रखने में चौबीस घंटे अपने कर्तव्य के लिए तत्पर रहता है, ऐसे में महिला पुलिस अधिकारी व कर्मी तो हमारे विशेष सम्मान के हकदार हैं जो अपने घरों से सैकड़ों किलोमीटर दूर अपने फर्ज को अंजाम देते है। ये बात राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत गौरव अवार्डी महीपाल आर्य ने कही। रामफल सिंह डांगी ने महिला थाना परिसर में पहुंचकर समस्त स्टाफ को सराहनीय योगदान देने पर आभार जताया व कर्मियों को पगड्डी पहनाकर सम्मानित किया।

### अकादमी में चयन के लिए ट्रायल 16 को

**भिवानी।** भीम स्टेडियम में बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में 12 वर्ष से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल 16 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे होगी। खेल की प्रतीक्षा सूची 7 व 10 के खिलाड़ी अपनी ट्रायल निर्धारित तिथि व समय को दें। जिला खेल अधिकारी धुरेन्द्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग के निर्देशानुसार जिला भिवानी में स्थापित भीम स्टेडियम में बॉक्सिंग खेल की रिहायशी खेल अकादमी में 12 वर्ष से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल 16 जुलाई को लिया जाएगा।

# अबकी बार श्रावण मास सोमवार से ही शुरू और सोमवार को ही विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

हिंदू धर्म में श्रावण मास का विशेष धार्मिक महत्व होता है। इसे साल का सबसे पवित्र महीना माना जाता है। इस महीने को श्रावण महीना या सावन मास कहते हैं। श्रावण में भगवान शिव और माता.पार्वती की पूजा बहुत श्रद्धा और भक्ति भाव से की जाती है। अबकी बार के सावन मास मुख्य रूप से दो दुर्लभ संयोगों से भरा हुआ है। यह जानकारी देते हुए प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन गोवर्धन.मथुरा वाले ने बताया कि पहला तो इस बार श्रावण मास की शुरुआत सोमवार के पवित्र दिन से हो रही है और सोमवार को ही श्रावण मास का विश्राम हो रहा है। दूसरा इस बार पूरे सावन में कुल 5 सोमवार के दिन और 4 मंगला गौरी व्रत होंगे। उनका कहना था कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन सोमवार व्रत करने से शिवभक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं तथा सुख.समृद्धि में बढ़ोतरी होती है।

**क्यों खास है अबकी बार सावन**

पंडित रामकिशन ने बताया कि इस साल का सावन बहुत खास है, क्योंकि इसकी शुरुआत ही भगवान शिव के दिन यानी सोमवार से हो रही है साथ ही इस सोमवार को प्रीति आयुष्मान योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है। इसको लेकर ऐसी मान्यता है कि जो भी इस योग में पूजा करता है उसको भगवान शिव से कई गुना फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि इस साल का श्रावण मास 21 जुलाई से शुरू होगा और 30 दिन यानी लगभग एक महीने बाद 19 अगस्त को खत्म होगा।

## दुर्लभ संयोग से भरा हुआ है इस बार का श्रावण मास: पं रामकिशन

### श्रावण तिथियां और समय



पंडित रामकिशन के अनुसार इस वर्ष सावन सोमवार की शुरुआत 22 जुलाई ;सोमवार को शुभ प्रीति और सर्वार्थ सिद्धि योग में होगी और 19 अगस्त ;सोमवार को समाप्त होगी। विशेष रूप सेए इस वर्ष, एक अनोखा संयोग है कि श्रावण माह में पांच सोमवार हैं। इस महीने के दौरान कई शुभ दिन हैं, जिन्हें आशीर्वाद और अच्छे भाग्य के लिए आदर्श माना जाता है।

### श्रावण का महत्व तथा समुद्र मंथन की कहानी

प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज ने बताया की हिंदू धर्म के ग्रंथों के अनुसारए समुद्र मंथन के समय निकले सारे जहर को भगवान शिव ने पी लिया था। ऐसा उन्होंने इसलिए किया क्योंकि वो विष इतना खतरनाक था कि वो पूरी दुनिया को खत्म कर सकता था। भगवान शिव ने सारे विष को पीकर दुनिया और जीव जंतुओं को बचा लिया, लेकिन वो जहर उनके गले में ही रह गया। इसी वजह से उन्हें नीलकंठ कहा जाता है। इसके बाद सभी देवी.देवताओं और राक्षसों ने भगवान शिव को गंगाजल और दूध पिलाया ताकि जहर का असर कम हो सके। यही कारण है कि श्रावण मास में लोग दूर.दूर से गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पित करते हैं।

### सावन सोमवार व्रत कब.कब

पंडित रामकिशन महाराज का कहना था कि सावन सोमवार व्रत करने से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस वर्ष कुल पांच सावन सोमवार व्रत पड़ रहे हैं इस पवित्र महीने का समापन 19 अगस्त को होगा। इस पावन महीने की शुरुआत सोमवार व्रत से हो रही है और अंत भी सोमवार व्रत से ही होगा। पंडित रामकिशन महाराज के अनुसार इस वर्ष सावन नक्षत्र और प्रीति योग में श्रावण मास शुरू होने वाला है। प्रिति योग सावन माह के प्रथम दिन सुबह 5 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ होकर शाम तक रहेगा।

# सफाई कर्मचारियों ने काले झंडे व उल्टे झाड़ू लेकर किया प्रदर्शन

## दिन में चार बार हाजिरी लगाने के नियमों की नप के सफाई कर्मचारियों ने जलाई प्रतियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

शहर को स्वच्छ बनाने में स्वच्छता प्रहरियों की अहम भूमिका मानी जाती है, लेकिन लंबित मांगों को लेकर पिछले लंबे समय से संघर्षरत्त सफाई कर्मचारी सरकार पर उनकी मांगों के प्रति अनदेखीपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए सख्त नजर आ रहे है। उन्होंने कहा कि जल्द मांगे नहीं मानी तो आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता की कुर्सी से गिराने का काम करेंगे। इसी कड़ी में विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को काले झंडे, काले बिल्ले लगाकर व उल्टी झाड़ू लेकर शहर में प्रदर्शन किया तथा डीएमसी के माध्यम से प्रदेश के सीएम को मांगपत्र सौंपा।



भिवानी। दिन में चार बार हाजिरी लगाने के नियम की प्रतियां प्रतियां जलाते और ज्ञापन सौंपते नगर परिषद के सफाई कर्मचारी।



### सौंपा मांगपत्र

इस दौरान सफाई कर्मचारियों के लिए दिन में चार समय हाजिरी लगाने के नियम थौंपने की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों पर थौंपे गए काले कानूनों के विरोध में शहर में प्रदर्शन कर 24 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया है। इससे पहले भी सफाई कर्मचारी कई बार सरकार को मांगपत्र सौंपकर मांगों से अवगत करवा चुके, लेकिन सरकार कर्मचारी विरोधी नीति अपनाए हुए है और मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई को रोहतक में प्रदेश स्तरीय कर्मचारी कन्वेंशन होगी, फिर भी सरकार उनकी मांगों को मानने में आनाकानी करेगी तो कर्मचारी आर-पार की लड़ाई लड़ने को मजबूर होंगे तथा भाजपा को अपनी ताकत दिखाते हुए विधानसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करने का काम करेंगे।

### पक्का करने व ठेका प्रथा बंद करने की मांग

दानव ने कहा कि सफाई कर्मचारी को पक्का करने, ठेका प्रथा बंद करने, गुरूग्राम में हुटाए गए 3480 सफाई कर्मचारियों को पुनः बहाल करने, सफाई कर्मचारी नेताओं पर बनाए झूठे मुकदमे वापस लेने, सफाई कर्मचारियों के लिए 4 टाईम हाजिरी लगाने के नियम को तुरंत रद्द करने सहित 24 सूत्रीय मांगपत्र मुख्यमंत्री के नाम सौंपा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी वर्ष 2014 से पक्के रोजगार की बाट देख रहे है, लेकिन सरकार की अनदेखी के चलते वे कच्चे कर्मचारी ही सेवानिवृत हो रहे है। इस अवसर पर विजय, रविंद्र, कुलदीप, मोहन, सुनील, कुलवीर, सतबीर, राजेंद्र, भीमसिंह, विनोद, महिपाल आदि मौजूद रहे।

# रिटायर्ड कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला की कार्यकारिणी ने प्रधान प्रताप सांगवान की अगुवाई में मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए इसे मुख्यमंत्री कार्यालय प्रेषित करवाया व कहा कि हम लोकतांत्रितक तरीके से बातचीत के माध्यम से समस्याओं का हल चाहते हैं, लेकिन बड़े दुख की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने तो एक बार भी बातचीत करना उचित नहीं समझा था, जबकि हरियाणा के सभी बोर्ड, निगम, कारपोरेशन, सरकारी, अर्ध सरकारी, विश्वविद्यालय व अन्य विभगों से रिटायर्ड कर्मियों की संख्या लाखों में है। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी से संगठन उम्मीद करता है कि वो बातचीत करके मांगों समाधान कर वरिष्ठ नागरिकों की समयाओं का हल करेंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में कोम्यूट की राशि 10 सालों में पूरी की जाए, पेंशनर्स की 65 वर्ष आयु के बाद 10 तथा 75 वर्ष के बाद 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि, मेडिकल भत्ता 3 हजार किया जाए आदि की सुविधा दी जाए आदि मांगे शामिल है। ज्ञापन देन वालों में राजकुमार धिकाड़ा, जिला सचिव हरिदत आर्य सुरेन्द्र मोठसरा, रणधीर कुंगड, दलवीर सिंह, उदयभान, ओमप्रकाश धानिया, चंद्रलाल, जयकिशन, सुदेश, कुलवीर सांगवान आदि मौजूद रहे।

## बिजली उपभोक्ता मंच ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भिवानी।** भिवानी महेंद्रगढ़ के लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह से मिला व उनको बिजली बिल 2023 तथा स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उनसे सरकार के जनविरोधी बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा संबंधित ऑल इंडिया इलेक्ट्रिसिटी कंज्यूमर एसोसिएशन का प्रतिनिधि फैसले को लोकसभा में उठाने मांग की। बिजली उपभोक्ता मंच के भिवानी जिला संयोजक महेंद्र सिंह कटारिया ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि बिजली बिल 2023 सरकार का घोर जनविरोधी कदम है, इसके जरिए भाजपा सरकार सम्पूर्ण बिजली वितरण प्रणाली को निजी कंपनियों के हवाले करना चाहती है। बिजली निजी कंपनियों के पास जाने से आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएगी, सभी तरह की सब्सिडी को खत्म कर दिया जाएगा। हरियाणा सरकार स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला निजी कंपनियों के स्वार्थ में पहले ही ले चुकी। प्रतिनिधिमंडल में रोहतास सिंह सैनी, कामरेड फूलचंद दुल्हेड़ी,कामरेड धर्मवीर, कामरेड राजकुमार बासिया, कामरेड राजाराम दिनोद आदि मौजूद रहे।



भिवानी। सांसद धर्मबीर सिंह को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधि।

## लंबित मांगों को लेकर सड़कों पर उतरे बिजली कर्मचारी, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** विभिन्न मांगों को लेकर ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन वर्कर्ज यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के कर्मचारियों ने शहर में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा तथा उनकी मांगों को जल्द पूरा किए जाने की गुहार लगाई। प्रदर्शन से पहले तोशाम रोड स्थित बिजली बोर्ड प्रांगण में कर्मचारी एकत्रित हुए तथा सर्कल सचिव अशोक गोयत के नेतृत्व में वर्कर्ज यूनियन के बैनर तले प्रदेश के चारों बिजली निगमों में कार्यरत्त कच्चे कर्मचारियों की मुख्य मांगें व मुद्दों पर चर्चा हुई तथा सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति की जमकर निंदा की। इसके उपरांत कर्मचारी शहर में प्रदर्शन करते हुए एसडीएम के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा। सब यूनिट प्रधान रविंद्र, मनदीप, शमशेर ने कहा कि सरकार कच्चे कर्मचारियों का लगातार शोषण कर रही है तथा मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रही है, जिसके चलते कर्मचारियों में भारी रोष बना हुआ है।

## रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया



**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला भिवानी द्वारा शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय पर प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर धरना दिया। धरना जिला प्रधान सुंदर सिंह कोच की अध्यक्षता में दिया तथा संचालन जिला सचिव नरेश शर्मा ने किया। प्रांतीय कमेटी के आह्वान पर रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगो को लेकर उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया तथा 10 बजे से 1 बजे तक धरना दिया। रिटायर्ड कर्मचारियो की मुख्य मांगे जैसे 65 साल होने पर 10 प्रतिशत, 70 साल पर 15 और 75 साल पर 20 प्रतिशत वेतन वृद्धि देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कम्यूटेशन राशि की कटौती 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष की जाए, वरिष्ठ नागरिकों को एसी बस, रेल व हवाई जहाज में रियायती दर से यात्रा की सुविधा लागू की जाएआदि मांगो लागू किया जाए अन्यथा रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा 21 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास करनाल में प्रदर्शन करेगा। धरना में प्रांतीय प्रेस सचिव मास्टर वजीर सिंह, जिला उपप्रधान रामचन्द्र, कैशियर निर्मल सिंह ब्लॉक भिवानी प्रधान फतेहसिंह आदि मौजूद रहे।

## वृद्ध विधवा महिला से हुई लूट का समाधान न होने पर महिला रोहतक आईजी दरबार में लगाएगी गुहार

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में वृद्ध महिला से 2.80 लाख की लूट के मामले में को लेकर पीड़िता कभी थाना कार्यालय तो कभी एसपी कार्यालय चक्कर काटने को मजबूर दिखाई दी लेकिन समाधान न होने पर रोहतक रेंज के आईपी कार्यालय में गुहार लगाने का मना बनाया और वहां भी समाधान न होने पर अनिश्चितकालीन धरना देने की बात कही। उल्लेखनीय है कि 4 जून को वार्ड 10 निवासी महिला सरोज देवी बेटी हेमलता के साथ एसबीआई बवानी खेड़ा से दो लाख 6 हजार निकलवाए और बाकि राशि उसके पास थी। 2.80लाख रुपये लेकर पुत्री संग घर जा रही थी। रास्ते में एक नौजवान ने थैला छीन लिया और फरार हो गया।



# सुरेंद्र हत्या मामले में चौंकाने वाला खुलासा, पत्नी ही निकली हत्यारी

**तोशाम।** गांव ईशरवाल में पत्नी ने दो युवकों के साथ मिलकर यूपी के 2 युवकों को 5 लाख की सुपारी देकर पति सुरेंद्र को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी को भी शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेशकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने 2 पिस्तौल, तीन मैगजीन व नो जिंदा कारतूस बरामद कर लिए हैं।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शनिवार की रात्रि में ईशरवाल निवासी सुरेंद्र की कान के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या व अवैध हथियार अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। मृतक की पत्नी रेखा ने पुलिस को दिए ब्यान में बताया था कि करीबन 12 बजे रेखा को गोली चलने की आवाज सुनी थी। गोली चलने की आवाज सुनने के बाद वह बाहर आई तो उसने देखा कि उसका पति खून से लथपथ पड़ा था। इसके आबाद गाड़ी किराए कर सुरेंद्र को अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक सुरेंद्र की पत्नी ने पुलिस द्वारा पूछताछ में बताया कि सुरेंद्र शराब का आदी था। नितेश कारी, सुरजीत ईशरवाल व मृतक की पत्नी रेखा ने साजिश रची और सुरेंद्र को मारने के लिए 5 लाख की सुपारी दी। जिसके बाद यूपी के दो युवकों ने आकर सुरेंद्र की गोली मारकर हत्या कर दी।

> ■ पत्नी ने दो युवकों के साथ मिलकर यूपी के दो युवकों को 5 लाख रुपए की सुपारी देकर पति को उतार दिया था मौत के घाट

## नशे को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया

# एसपी ने हरियाणा उदय की शुरूआत की

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा खंड के आधीन आने वाले गांव अलखपुरा में पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे हरियाणा उदय कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें भिवानी के एसपी वरूण सिंगला ने नशे व अपराध को जड़ से समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि आज की युवा पीढ़ी नशे व अपराध की तरफ बढ़ रही हैं।

अलखपुरा फुटबाल का हब बन चुका है और यहां की छात्राओं ने देश.विदेश में विजय पताका लहराई है। हरियाणा उदय कार्यक्रम नोडल अधिकारी डीएसपी आर्यन चौधरी, थाना बवानी खेड़ा प्रभारी जितेन्द्र कुमार,कोच सोनिका बिजारनिया, सरपंच, मौजिजान व्यक्तियों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भिवानी के एसपी वरूण सिंगला ने पहुंचकर विजेता खिलाड़ियों व टीम को सम्मानित किया। उन्होंने नकद पुरस्कार 5100, 3100 व 10 अन्य खिलाड़ी छात्राएं जो राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजेता थी उनको 1100.1100 व 5 खिलाड़ियों को 500.500 रूपए देकर पुरस्कृत किया गया।



### अलखपुरा को चुना

एसपी वरूण सिंगला ने बताया कि हरियाणा उदय कार्यक्रम चलाया जा रहा है उसके तहत गांव के युवाओं को खेलों से जोड़ना, नशे से दूर रखना, सामाजिक व शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना, चरित्र को ऊँचा उठाने है जिसके लिए भिवानी जिले में पहला कार्यक्रम अलखपुरा में किया गया। उन्होंने कहा कि अपराध से न जुड़े,कोई गांव से अपराधिक प्रवृति से या नशे से संलिप्त है तो उसकी सूचना दें।





एक सूअर कभी भी आसमान की तरफ नहीं देख सकता है।



इस पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा जानवर भारत में ही मौजूद है।

# प्रकृति से प्रेम है तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



**नॉलेज**

**यंगभूमि डेस्क**

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

**भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।**

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एग्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

## सभी एयरलाइन्स कंपनियां करती नियुक्तियां

बेहतर पद और अच्छी सैलरी की चाहत होती पूरी

# आसमान को छूना पसंद है तो एयर होस्टेस बन चमकाएं अपना करियर

**जॉब ट्रेंड्स**

**करियर डेस्क**

आ हम सभी को अपने सपने के बारे में तो पता रहता है, कि हमें आगे बड़े होकर क्या बनना है ,कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो कोई इंजीनियर, टीचर या फिर एयर होस्टेस बनना चाहता है। किंतु हमें समय पर सही गाइडलाइंस ना मिलने के कारण कई बार हमारे सपने बीच में अधूरे या फिर हम अपने सपनों के लिए सही राह का चयन नहीं कर पाते। जिससे हम ज्यादातर रास्ते भटक जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि समय होता है तो सामने सही रास्ते कौन से हैं। यह पहचान पाना बहुत मुश्किल हो जाता है, जब समय हाथ से निकल जाता है तो हम उस परिस्थिति में हम स्वयं को कोसने में लग जाते हैं। करियर के लिए समय पर सही गाइडलाइंस मिलना बेहद जरूरी है। बहुत से ऐसे स्टूडेंट्स है जो एयर होस्टेस बनना चाहते हैं। यह आर्टिकल उन सभी स्टूडेंट्स के लिए है जो आगे अपना करियर एयर होस्टेस में बनाना चाहते हैं। आइए इसी के साथ हम अपने आर्टिकल की शुरुआत करते हैं।

## एयर होस्टेस किसे कहते हैं

एयर होस्टेस नाम सुनते ही इतना अंदाजा तो हम लगा ही सकते हैं की हवाई यात्रा से जुड़े काम। एयर हॉस्टेस वह होते हैं जो एरोप्लेन में हवाई यात्रा के दौरान यात्रीगण को सुविधा और इससे रिलेटेड बहुत सी जानकारी सभी यात्रियों को देते हैं बहुत सी एयरलाइन्स कंपनियां एरोप्लेन में एयर होस्टेस नियुक्त करती है। हवाई जहाज में हवाई यात्रा के दौरान सभी यात्रियों को हैंडल करने का काम सारा एयर होस्टेस का ही होता है। एयर होस्टेस का काम एरोप्लेन में यात्रा के दौरान सभी यात्रियों के सामानों का सही जगह में रख रखाव, रजिस्ट्रेशन के हिसाब से यात्री को उनकी सही सीट देना, सीट बेल्ट कैसे लगाना है? इसके साथ साथ खाने पीने की सुविधा यह सभी काम एयर होस्टेस द्वारा की जाती है। ताकि किसी भी यात्री को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। एरोप्लेन में यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनने वाली एयर होस्टेस केवल लड़कियां ही होती है। और जो लड़के एरोप्लेन में यात्रियों के लिए सुविधा प्रदान करते हैं उन्हें केबिन क्रू कहते हैं।



## लड़कियों के लिए सबसे बेहतर विकल्प



## एयर होस्टेस के लिए शैक्षणिक योग्यताएं

जो उम्मीदवार एयर होस्टेस बनने का सपना देख रहे होते हैं उन उम्मीदवारों को सबसे पहले एयर होस्टेस बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होता है उसके पश्चात ही उन्हें एयर होस्टेस बनने का मौका मिलता है। एयर होस्टेस बनने के लिए क्या करना पड़ता है ? आपको निम्नलिखित चरण बद्ध तरीके से बताया गया है।

- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड से बारहवीं कक्षा पास करना अनिवार्य है।
- एयर होस्टेस के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार आर्ट्स, कॉमर्स या साइंस किसी भी सब्जेक्ट से हो। 12वीं की कक्षा पास होनी चाहिए।
- उम्मीदवार मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएशन की शिक्षा लेकर पास की हो।
- इंग्लिश और हिंदी दोनों भाषा का आना अति आवश्यक है।

## योग्यताएं

- आवेदन करता की आयु कम से कम 18 वर्षों से अधिक से अधिक 25 वर्ष होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की कम्यूनिकेशन स्किल अर्थात बोलचाल का सही ढंग होना चाहिए।
- उम्मीदवार शारीरिक व मानसिक दोनों रूपों से स्वच्छ और स्वस्थ होना आवश्यक है।
- आवेदन करता की पॉजिटिव सोच के साथ-साथ बॉडी लैंग्वेज अच्छी होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की ऊंचाई कम से कम 157.5 सेंटीमीटर होनी चाहिए।
- उम्मीदवार की आंखों में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए उनके आंखों का विजन 6/6 होनी चाहिए।



## तीन प्रकार के कोर्स

1. **सर्टिफिकेट कोर्स** :- जो अभ्यार्थी कम समय में एयर होस्टेस बनना चाहते हैं वह सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। जिसमें आपको सर्टिफिकेट दी जाएगी। इसे आप 12वीं पास करने के बाद कर सकते हैं। यह कोर्स 1 साल का होता है।
2. **डिप्लोमा कोर्स** :- यह कोर्स करने के लिए अभ्यार्थी को 12वीं पास करना आवश्यक है। जिसके पश्चात वे डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं जिसमें उन्हें डिप्लोमा की डिग्री दी जाएगी। ग्रेजुएशन पास अभ्यार्थी डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं तो उनके लिए पीजी डिप्लोमा कोर्स होती है। पीजी डिप्लोमा कोर्स केवल ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थियों के लिए हैं।
3. **डिग्री कोर्स** :- यह कोर्स उन अभ्यर्थियों के लिए हैं जो एयर होस्टेस में डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। यह डिग्री कोर्स 3 साल की होती है। यह कोर्स अभ्यार्थी 12वीं पास करने के पश्चात कर सकते हैं।

## ऐसे बनें एयर होस्टेज

- एयर होस्टेस बनने के लिए अभ्यार्थी को सर्वप्रथम मान्यता प्राप्त बोर्ड से किसी भी सब्जेक्ट में 12वीं कक्षा पास करनी होगी।
- या ग्रेजुएशन प्राप्त अभ्यर्थी को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की परीक्षा पास करनी होगी।
- अभ्यार्थी को ऐसे इंस्टिट्यूट मे एडमिशन लेना होगा जहां एयर होस्टेस कोर्स की सारी सुविधा दी जाए।
- 12वीं पास अभ्यर्थीयों को स्वयं निर्णय लेने होगें। वह एयर होस्टेस बनने के लिए डिप्लोमा, डिग्री या सर्टिफिकेट कोर्स में से किस कोर्स मे एडमिशन लेना चाहते हैं।
- एडमिशन के बाद अभ्यार्थी को अपने कोर्स में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। और अच्छे अंको से पास आउट भी होना होगा।
- अभ्यार्थी अब अपना आवेदन एयर होस्टेज की जॉब के लिए कर सकते हैं।
- बहुत सारी बड़ी-बड़ी एयरलाइंस की कंपनियां एयर होस्टेस नियुक्त करती है। समय-समय पर कंपनी द्वारा नोटिफिकेशन जारी की जाती है।
- उसके पश्चात आप एयर होस्टेस के लिए रिक्वायरमेंट के हिसाब से अभ्यार्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।
- अभ्यार्थियों के आवेदन सेलेक्शन के बाद एयरलाइंस कंपनियों द्वारा रिटन टेस्ट और ऑफिसर द्वारा डिस्कशन की जाती है। फिर सिलेक्टेड अभ्यार्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू में सिलेक्शन किया जाता है।
- सिलेक्शन के पश्चात अभ्यर्थियों को एयरलाइंस द्वारा 6 महीनों के लिए ट्रेनिंग में भेजा जाता है।
- उन्हें ट्रेंड अभ्यार्थियों को एयर होस्टेस के पद में नियुक्त किया जाता है। इसके पश्चात उन्हें एरोप्लेन मे भेज दिया जाता है।

## कितना मिलता वेतन

एयर होस्टेस की सैलरी एयरलाइंस कंपनी के हिसाब से होती है। सीनियर एयर होस्टेस की सैलरी थोड़ी अधिक होती है। सीनियर एयर होस्टेस के पास अनुभव जबकि जूनियर एयर होस्टेस फ्रेशर होते हैं। कई एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी 25000 से 40000 होती है। तो कई एयरलाइंस में इससे कम तो कई एयरलाइंस कंपनी में इससे अधिक होती है। इंटरनेशनल एयरलाइंस कंपनी में एयर होस्टेस की सैलरी प्रतिमाह में कम से कम 100000 और अधिक से अधिक 200000 होती है।

# कानून परिवर्तनों का प्रभाव: नई पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत की न्यायपालिका, जो संविधान के अधीन देश के कानूनों को लागू करती है, समाज में स्थायित्व और न्याय को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समय के साथ, न्यायपालिका में कई परिवर्तन और सुधार हुए हैं ताकि इसे अधिक प्रभावी और न्यायपूर्ण बनाया जा सके। आज का युग डिजिटल क्रांति का है, जिसमें इंटरनेट और तकनीकी विकास ने हमारे जीवन को बदल दिया है। यह परिवर्तन हमारे लिए अनेक अवसर लाया है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों की चुनौतियां भी आई हैं। ऐसे में, एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल वातावरण का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। इसके लिए सामुदायिक और सरकारी प्रयासों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है।

## कानूनों की जानकारी होना जरूरी

2 जुलाई, 2024 को भारतीय न्यायपालिका में कुछ महत्वपूर्ण कानून परिवर्तन लागू हुए, जिनका अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। ये परिवर्तन न केवल न्यायिक प्रक्रियाओं में सुधार लाने में सहायक होंगे, बल्कि वे नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की समझ को भी सुदृढ़ करेंगे।

**कानूनी प्रक्रिया में डिजिटल परिवर्तन** : पहला बड़ा परिवर्तन न्यायिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से संबंधित है। अब विभिन्न अदालतों में मामलों की फाइलिंग और सुनवाई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी की जा सकेगी। इससे न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिता और तीव्रता आएगी। डिजिटल सिस्टम की मदद से न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार और कागजी कार्यवाही में देरी को कम किया जा सकेगा। नई पीढ़ी को इस डिजिटल पहल की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे कानून के नए रूप से जुड़ सकें और उसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

**विवाद निवारण के वैकल्पिक उपाय** : न्यायपालिका ने वैकल्पिक विवाद निवारण के तरीकों को अधिक महत्व दिया है। इसमें मध्यस्थता, सुलह और लोक अदालतें शामिल हैं। ये उपाय अदालती मामलों के बोझ को कम करने और त्वरित न्याय प्रदान करने में मदद करते हैं। नई पीढ़ी को एडीआर की प्रक्रियाओं और उनके लाभों के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे वे कानूनी विवादों को तेजी से और सस्ते में सुलझा सकें।

**महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा** : 2 जुलाई के परिवर्तनों में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों में त्वरित कार्रवाई और कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। यह परिवर्तन समाज में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ाने का प्रयास करता है। युवा पीढ़ी को इन कानूनों की जानकारी होना आवश्यक है ताकि वे अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहें और समाज में सुरक्षित वातावरण बना सकें।

**पर्यावरण संरक्षण कानून**: पर्यावरण संरक्षण के लिए नए और सख्त कानून लागू किए गए हैं। अब उद्योगों और व्यक्तियों पर पर्यावरणीय मानकों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरणीय अपराधों के लिए दंड भी बढ़ा दिए गए हैं। ये कानून आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## न्यायिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व

न्यायपालिका में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बढ़ाने के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। जजों की नियुक्ति और न्यायिक फैसलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न निगरानी तंत्र स्थापित किए गए हैं। इससे न्यायपालिका में विश्वास और जनता की न्याय व्यवस्था में भागीदारी बढ़ेगी।

न्यायपालिका में 2 जुलाई को हुए कानून परिवर्तनों का अध्ययन नई पीढ़ी के लिए आवश्यक है। इन परिवर्तनों के माध्यम से, कानून और न्याय प्रणाली को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाया गया है। नई पीढ़ी को इन परिवर्तनों के महत्व को समझना चाहिए ताकि वे कानून का सही उपयोग कर सकें और एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें। यह समझ न केवल उन्हें बेहतर नागरिक बनाएगी बल्कि देश की प्रगति में भी सहायक सिद्ध होगी। आज की युवा पीढ़ी, जो तकनीकी रूप से सशक्त और सूचनाओं से परिपूर्ण है, भारत के भविष्य की नींव है। जागरूकता का अर्थ केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं है, बल्कि जानकारी को समझना, उसके आधार पर सोच बनाना और उसे समाज के भले के लिए उपयोग करना है। भारत के विकास के लिए नई पीढ़ी की जागरूकता और उसकी सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। न्यायपालिका के इन सुधारों के प्रति जागरूकता और समझ नई पीढ़ी के लिए एक नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है, जो उन्हें भविष्य में एक जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेगी। डिजिटल दुनिया में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केवल व्यक्तिगत सतर्कता ही पर्याप्त नहीं है; सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सामुदायिक जागरूकता और सरकारी उपाय न केवल लोगों को साइबर खतरों से बचने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने में भी सक्षम बनाते हैं। इस खंड में हम विस्तार से चर्चा करेंगे कि कैसे सामुदायिक प्रयास और सरकारी पहल साइबर अपराधों को कम करने और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहायक हो सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान**: साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक संगठनों, स्थानीय समूहों, और शैक्षिक संस्थानों को मिलकर अभियान चलाने चाहिए। ये अभियान कार्यशालाएं, सेमिनार, और सोशल मीडिया अभियानों के माध्यम से समुदाय को साइबर सुरक्षा की बुनियादी जानकारी और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में शिक्षित कर सकते हैं।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं:स्थानीय स्कूलों और कॉलेजों में साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं आयोजित की जा सकती हैं, जहाँ छात्रों को सुरक्षित पासवर्ड प्रथाओं, फिशिंग के खतरों, और डेटा संरक्षण के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाए। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन्स या स्थानीय पुस्तकालयों में समुदाय के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा सकते हैं, जहाँ उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में सिखाया जाए।

**साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम**: साइबर सुरक्षा वॉलंटियर कार्यक्रम स्थानीय स्तर पर समुदायों को साइबर सुरक्षा के बारे में शिक्षित करने के लिए एक उत्कृष्ट पहल हो सकते हैं। वॉलंटियर्स, जिन्हें साइबर सुरक्षा में प्रशिक्षण दिया गया हो, वे अपने समुदाय में जागरूकता बढ़ाने, सुरक्षित प्रथाओं को बढ़ावा देने और साइबर खतरों की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं।

**उदाहरण**: कॉल सेंटर सहायता: वॉलंटियर्स एक हेल्पलाइन स्थापित कर सकते हैं जहाँ लोग साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं और तुरंत सलाह प्राप्त कर सकते हैं। वॉलंटियर्स स्कूलों में जाकर छात्रों को ऑनलाइन खतरों के बारे में शिक्षित कर सकते हैं और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की आदतों को सिखा सकते हैं।

**सामुदायिक डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रम**: स्थानीय समुदायों द्वारा डिजिटल सुरक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है, जिसमें सामुदायिक सदस्य एक-दूसरे के साथ जानकारी साझा करें और साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श करें। यह पहल सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देती है और साइबर खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने में मदद करती है।

**उदाहरण**: साइबर सुरक्षा चर्चाएँ: सामुदायिक केंद्रों में साइबर सुरक्षा से संबंधित चर्चाएँ और सवाल-जवाब सत्र आयोजित किए जा सकते हैं। डिजिटल सुरक्षा उपकरणों और तकनीकों पर कार्यशालाएं, जैसे एंटीवायरस सॉफ़्टवेयर का उपयोग और डेटा एनक्रिप्शन, समुदाय को सुरक्षित रखने में मदद कर सकते हैं।

**साइबर सुरक्षा कानून और नीतियाँ** : सरकार को साइबर सुरक्षा के लिए कड़े कानून और नीतियाँ बनानी चाहिए जो साइबर अपराधों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। ये कानून व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा, साइबर अपराधों के खिलाफ सजा, और ऑनलाइन गोपनीयता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग शिविर कल

**तोशाम।** भारत विकास परिषद शाखा तोशाम द्वारा हरियाणा भारत विकास फाऊंडेशन हिसार, दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र तथा लाला देवी चंद्र ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माण शाला के सहयोग से कल 14 जुलाई रविवार को स्थानीय शर्मा नसिंर्ग एवं मेटरनिटी होम में निशुल्क आंखों की जांच व सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन तथा कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया जाएगा।

### तुलसी पवित्र व औषधीय पौधा : राजबाला

**चरखी दादरी।** सरदार झाड़ सिंह चौक स्थित शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को प्राचार्य सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीईओ राजबाला मलिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला ने प्राकृतिक असंतुलन की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि आज पृथ्वी पर 500 करोड़ पेड़-पौधों की आवश्यकता है। उन्होने बताया कि तुलसी का पौधा पवित्र और औषधीय है।

### बढ़ रहा जनाधार, कांग्रेस की सरकार बनेगीः धनखड़

**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेता व पूर्व युवा जिलाध्यक्ष अनिल धनखड़ ने अपने जारी ब्यान में कहा है कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पांच सीटों पर जीत दर्ज होने के अलावा लागातार दूसरी पार्टियों के नेता व कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में शामिल होने के बाद बने हालातों से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। ऐसे में भाजपा सरकार घबरा गई है और लगातार झूठी घोषणाएं कर जनता को बरगलाने का असफल प्रयास कर रही है।

### कानूनी साक्षरता स्पर्धा में शिवम स्कूल प्रथम

**भिवानी।** शुक्रवार को खंड स्तर पर कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी कैरू की अध्यक्षता मे राजकीय कन्या स्कूल कैरु में संपन्न हुआ जिसमें कविता में शिवम स्कूल प्रथम रहा, क्विज प्रतियोगिता में शिवम स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। कविता प्रतियोगिता में स्नेहा पुत्री प्रदीप शर्मा गांव लोहानी प्रथम स्थान पर रही, क्विज प्रतियोगिता में गीता पुत्री अशोक गांव दिनोद सेए तनु पुत्री प्रदीप कोहाड, आशा पुत्री कश्मीर केहरपुरा से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### अंधेरे में डूबा कस्बा, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में स्ट्रीट लाइटों का जनाजा निकला हुआ है। हांसी.भिवानी मार्ग पर चुनिंदा लाइटें ही रोशनी देती हुई नजर आती है बाकि अंधेरे में डराने का काम करती हैं। कस्बावासियों में हनुमान पारासर, अनिल शर्मा, रिंकू, राजकुमार, कुलदीप आदि ने बताया कि हांसी चुंगी से सामान्य अस्पताल तक केवल नाममात्र की लाइटें की रोड़ पर जलती हुई दिखाई जान पड़ती है बाकि अंधेरे में मूकदर्शक बनकर खड़ी रहती है।

### छोटा परिवार सुखी परिवार का दिया संदेश

**भिवानी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति और सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा विवेकानंद हाई स्कूल में विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय सेमिनार कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संकल्प के साथ छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश दिया। विद्यालय संचालिका सावित्री यादव और राष्ट्रीय युवा पुरस्कार , बॉडी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि बढ़ती हुई जनसंख्या देश और दुनियां के लिए खतरा है। कहा कि 11 जुलाई 1987 को वैश्विक जनसंख्या अनुमानतः पांच अरब तक पहुंच गई थी। इस मील के पत्थर ने विश्व भर का ध्यान आकर्षित किया तथा जनसंख्या वृद्धि के बारे में चर्चा शुरू हो गयी। यही कारण है कि 11 जुलाई को पांच अरब का दिन के रूप में जाना जाने लगा। इस आयोजन की रुचि ने जनसंख्या संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए एक समर्पित मंच की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

---

### राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ ने सुनीं शिकायतें

# समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना जरूरीः प्रीति भारद्वाज

**सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से कोई भी पात्र बच्चा वंचित नहीं रहे: प्रीति भारद्वाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की समस्याएं सुनते हुए।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की खंडपीठ ने शुक्रवार को आयोग की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल की अध्यक्षता में पंचायत भवन में बेंच लगाकर बच्चों की शिकायतें सुनी। सदस्य प्रीति भारद्वाज ने शिविर में बच्चों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभाग के विभागाध्यक्षों को समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से कोई भी पात्र बच्चा वंचित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आयोग बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। एनसीपीसीआर की सदस्य प्रीति भारद्वाज दलाल ने कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग का उद्देश्य बाल अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि देश.प्रदेश में एक ऐसी व्यवस्था स्थापित करना है जो बच्चों के हित में सभी कानूनी प्रावधानों, उनके संरक्षण और विकास के लिए प्रदेश में चलाई जा रही समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी कर सके। उन्होंने कहा कि समाज में दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदना जरूरी है। ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडऩा जरूरी है। इस दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों की दिव्यांगता से संबंधित समस्याएं बेंच के सामने शिकायत रखीए जिन्हें गंभीरता पूर्वक सुना गया और समाधान के निर्देश दिए गए। अधिकतर शिकायतें बच्चों के दिव्यांग प्रमाण.पत्र व उनके अधिकारों व सरकारी योजनाओं के लाभ से संबंधित थी। शिविर में विकलांग बच्चों के प्रमाण.पत्र बनाए गए।

दस्तावेजों में जो कमी पाई गई, उन्हें ठीक किया गया है। अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद प्रदान करने व सरकार की योजनाओं का लाभ देने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी दिशा.निर्देशों के अनुसार बच्चों को सुविधाएं व संरक्षण सुनिश्चित हो और निर्धारित समय सीमा में संबंधित प्रकरणों का निराकरण संभव किया जाए। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के माध्यम से निराकरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक भी सरकारी निर्देशों की अनुपालना करें।

#### समस्याओं का समाधान करें : प्रवीण जोशी

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीण जोशी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग बाल अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। आयोग के लिए जन्म से लेकर 18 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों की सुरक्षा का समान महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं का शत.प्रतिशत समाधान सुनिश्चित करना राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सवार्ेच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे पॉक्सो एक्ट, बच्चा गुमशुदा, बाल मजदूरी, बाल भिक्षावृत्ति, स्कूल संबंधी शिकायतें रख सकते हैं।

---

## इनेलो-बसपा गठबंधन कांग्रेस को नुकसान नहींः फौजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। जनसम्पर्क अभियान के तहत लोगों का आशीर्वाद लेते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी। फोटो : हरिभूमि

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि हाल ही में दो ऐसी पार्टियों का गठबंधन हुआ है। इन दोनों पार्टियों (इनेलो व बसपा ) के गठबंधन का कांग्रेस को कोई नुकसान नहीं होगा। क्योंकि इन दोनों पार्टियों का धरातल पर न के बराबर वजूद बचा है। ऐसे में दोनों पार्टियां अपने अपने वोट बैंक को बचाने के लिए इस तरह का गठबंधन किया है। इन दोनों पार्टियों का पहले भी गठबंधन हुआ था,लेकिन आज दोनों पार्टियां हाशिए पर आ गई।

वे आज गांव चांग में जनसम्पर्क अभियान के तहत एकत्रित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता का सतारूढ पार्टी से पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है। अब जनता सता परिवर्तन चाहती है। उन्होंने प्रदेश में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में सरकार बनने का दावा किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश में विकास कायार्े की गंगा बहाई जाएगी। जनहित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू करवाई जाएगी। ताकि जनता आर्थिक रूप से सुदृढ हो सके। उन्होंने कहा कि एक साल पहले सतारूढ पार्टी की सरकार ने अपनी मांग पूरी करने की मांग करने वाले सरपंचों पर लाठियां बरसवाई थी। नतीजन लोकसभा चुनावों में जनता व जनप्रतिनिधियों की नाराजगी की कीमत कई सीटें खोकर चुकाई। अब सरकार उनको बहलाने का प्रयास कर रही है।

## पौधरोपण कर मनाई शादी की सालगिरह, 15 फलदार पौधें लगाए



**तोशाम।** गांव मंढ़ाण निवासी अशोक और उनकी धर्मपत्नी पूनम राणी ने शुक्रवार को गांव मिराण स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शादी की 8वीं सालगिरह मनाई। इस मौके पर उन्होंने 15 फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि पौधे हमें न केवल छाया देकर बल्कि ऑक्सीजन देकर हमारे जीवन की रक्षा भी करते हैं। पौधे हमें फल भी देते हैं, लकड़ियां भी प्रदान करते हैं। उन्होंने स्टाफ सदस्यों से आग्रह किया कि वे भी हर वर्ष बारिश के मौसम में कम से कम 5-5 पौधे जरूर लगाएं ताकि आने वाली पीढ़ी के काम आ सकें। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ सदस्यों ने पौधे लगाने में उनका सहयोग किया। इस अवसर पर डॉ. नरेश कुमार, सुरेन्द्र कुमार बीईई, अशोक कुमार एवं कर्मबीर फार्मासिस्ट, मुकेश कुमार लेखाकार, मंजीत, भूपसिंह, राजेश, राजपाल सिंह एमपीएच एस, रचना देवी आदि मौजूद रहे।

### सात दिवसीय चरित्र निर्माण शिविर संपन्न

**बाढ़ड़ा।** आर्यवीर दल चरखी दादरी के तत्वावधान एवं स्वामी सच्चिदानंद के सानिध्य में गांव कादमा स्थित हिंद हाई स्कूल के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय व्यायाम प्रशिक्षण एवं चरित्र निर्माण संस्कार शिविर के दूसरे दिन व्यायाम शिक्षक नारायण आर्य एवं राहुल आर्य ने शिविरार्थियों को नियुद्धम जूडो कराटे एवं आत्मरक्षा के दावों का अभ्यास करवाया। व्यायाम शिक्षक नारायण आर्य ने बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने और कुछ भी सीखने के लिए अनुशासन और निरंतरता की बहुत आवश्यकता होती है क्योंकि इसके बिना जीवन में या किसी भी कला में सीखना या प्रगति करना संभव नहीं है। हमें अनुसाशन में रहना चाहिए।

---

## तुलसी पवित्रता के साथ-साथ औषधीय पौधा : मलिक



**चरखी दादरी।** सरदार झाड़ सिंह चौक स्थित शहीद दलबीर सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय प्रांगण में शुक्रवार को प्राचार्य सुरेश कुमार यादव की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी राजबाला मलिक ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मंच संचालन करते हुए संजय कुमार शास्त्री ने मौजिज मेहमान का स्वागत अभिनंदन किया। प्राचार्य सुरेश कुमार यादव ने खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक का अभिवादन करते हुए पौधरोपण के माध्यम से विद्यार्थियों को वर्तमान समय में पृथ्वी पर प्राकृतिक असंतुलन की चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को बताया कि आज पृथ्वी पर 500 करोड़ पेड़-पौधों की आवश्यकता है। वह अपने सामाजिक परिवेश में इस बरसात के मौसम में कम से कम एक पेड़ लगाकर उसका पालन पोषण करें। बीईओ मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अध्यापक संजय शास्त्री से सीख लेनी चाहिए।

## रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला चरखी दादरी की कार्यकारिणी ने प्रधान प्रताप सांगवान की अगुवाई में जिला उपायुक्त कार्यालय में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए इसे मुख्यमंत्री कार्यालय प्रेषित करवाया व कहा कि हम लोकतांत्रितक तरीके से बातचीत के माध्यम से समस्याओं का हल चाहते है, लेकिन बडे दुःख की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने तो एक बार भी बातचीत करना उचित नहीं समझा, जबकि हरियाणा के सभी बोर्ड, निगम, कारपोरेशन, सरकारी, अर्ध सरकारी, विश्वविद्यालय व अन्य विभगों से रिटायर्ड कर्मियों की संख्या लाखों में है। वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी से संगठन उम्मीद करता है कि वो लोकतांत्रिक तरीके से बातचीत करके मांगों समाधान कर वरिष्ठ नागरिकों की समयाओं का हल करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य मांगों में कोम्यूट की राशी 10 सालों में पूरी की जाए, पेंशनर्स की 65 वर्ष आयु के बाद 10 तथा 75 वर्ष के बाद बीस प्रतिशत वेतन वृद्धि, मेडिकल भत्ता 3 हजार किया जाए, वरिष्ठ नागरिकों को एस सी वाल्वो सहित सभी बसों, रेलवे व हवाई यात्राओं में छूट मिले, पारिवारिक पेंशन के तहत एलटीसी की सुविधा दी जाए आदि मांगे शामिल है।

## दक्ष प्रजापति धर्मशाला में विद्यार्थियों के रहने, खाने.पीने की सुविधा से प्रसन्नचित हुए विद्यार्थी



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के दक्ष प्रजापति धर्मशाला में दूसरे प्रदेश से जैसे बिहार, झारखंड,राजस्थान, यूपी से सैकड़ों बच्चे बीएड का पेपर देने आए सैकड़ों बच्चों के लिए रहने व खाने पीने का प्रबंध दक्ष प्रजापति धर्मशाला द्वारा किया गया। मौके पर सुरेश ओड भाजपा नेता व गांव के गणमान्य लोगों ने बच्चों से हालचाल जाना और बच्चो को खाना परोसा गया। भाजपा नेता सुरेश ओड, औमपाल नाहड़िया ने कहा कि दक्ष प्रजापति समाज ने एक अच्छी पहल की है जिससे अन्य समाजों को दिशा देने काम करेगी और कहा की भाजपा सरकार द्वारा अनुदान देने का काम किया और आश्वासन दिया आगे भी आगे इस संस्था का साथ देने का काम करें। साथ में धर्मेन्द्र बल्हारा, संतोष भाकर, रामधन, बूटा राम, राकेश गोरी, सीताराम सैनी, संजय मालिक, विनोद, अजीत राठौर, शिव कुमार, जयपाल, मुकेश आदि गांव के लोगों ने भी पूरा आश्वासन दिया बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने देंगें।

---

## भाजपा ने महापुरुषों को किया सच्चा नमन : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। पत्रकारों से बातचीत करते विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति की राज्य स्तरीय जयंती सरकारी तौर पर 20 जुलाई को हिसार में मनाई जाएगी। जहां मुख्यमंत्री नायब सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा ने शुक्रवार को विश्राम गृह में हिसार में 20 जुलाई को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय दक्ष प्रजापति जयंती का न्योता देते हुए यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में महापुरुषों की जयंती सरकारी तौर पर मनाने का काम कर रही हैं। रणबीर गंगवा ने कहा कि बैकवर्ड क्लास के लिए भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षोर्ं में अनेक जनहितैषी फ़ैसले लेकर उन्हें क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने गत 23 जून को क्रीमीलेयर की घोषणा आठ लाख रूपए की है और इसमें कृषि आय तथा वेतन को शामिल नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने घोषणा की है कि बैकवर्ड क्लास की नौकरियां को बैकलॉग पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में केंद्र सरकार की तर्ज पर तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार आगामी विधानसभा चुनाव में बनेगी। रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरियों पर कांग्रेस के लोगों का एक सरकारी भर्ती रोको गैंग तैयार है जो कि तुरंत कोर्ट में जाकर स्टे ले लेता है। कांग्रेस के कार्यकाल में बैकवर्ड क्लास के लिए सरकारी नौकरियों में कोई बैकलॉग नहीं भरा गया। केवल खानापूर्ति ही पूरी की जाती थी। युवाओं को सरकारी नौकरी में मिलने में कानूनी अड़चन खड़ी हो जाती है।

### सरकार की नीतियों का किया प्रचार

**भिवानी।** जिला लोक संपर्क विभाग के माध्यम से जिला लोक संपर्क अधिकारी संदीप हुड्डा के कुशल मार्गदर्शन में गांव बापोड़ा में हेमंत सैनी कल्चर थिएटर एंड वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों द्वारा नाटक के माध्यम और गीत संगीत से लोगों को सरकार की जनकल्याण नीतियों के बारे में अवगत करवाया । कार्यक्त्रम की अध्यक्षता गांव विनोद सरपंच जय भगवान ने की और हरियाणा सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में यह अभियान चलाया गया है। इसमें सरकार की नीतियों योजनाओं उपलब्धियां पर आधारित नुक्कड़ नाटक लोकगीत के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। सरकार का द्वारी जा जाने वाली जनकल्याणाकारी नीतियों की लोगों को जानकारी दी जा रही है।

## स्पर्धा में बीके स्कूल ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



हरियाणा राज्य की ओर से कानूनी साक्षरता विधिक सेवा प्राधिकरण ;लीगल लिटरेसी का आयोजन किया गयाए जिसका उद्देश्य समाज के गरीब एवं वंचित वर्गोर् को न्याय सेवाएँ प्राप्त करने और उनकी मांग करने के लिए सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वप्रथम ब्लॉक लेवल पर भिन्न.भिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया गया। बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में किया गया जिसमें बवानी खेड़ा के लगभग सभी स्कूलों ने प्रतिभागिता की। इन प्रतियोगिताओं में विद्यालय का प्रदर्शन सराहनीय रहा।भाषण प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, मौके पर पेंटिंग, डॉक्यूमेंट्री ;वृतचित्र में क्त्रमशः कनिका, पायल, माही, भारती एवं पीतांबर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। निबंध प्रतियोगिता, वाद.विवाद प्रतियोगिता, पीपीटी, लघुनाटिका में क्रमश : लीना, करीना, हर्षित अमन, नव्या, सारिका, गर्वित, कुमार कृष्णा, वर्षा, वंशिका, मीनाक्षी एवं लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

---

### बकाया रिक्वरी के डॉक्यूमेंट की गई जांच

# सीएम फ्लाइंग ने की छापेमारी, जांच दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। छापे के दौरान कागजातों की जांच करते हुए।

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय पर सीएम फ्लाईंग ने आज छापेमारी करते हुए विभाग की कार्यप्रणाली की जांच के लिए डॉक्यूमेंट अपने कब्जे में लिए। सीएम फ्लाईंग दोपहर को अचानक बिजली निगम के भिवानी सिटी सर्कल कार्यालय में पहुंची तथा वहां के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति जांचने के बाद लोगों द्वारा की गई कंपलेंट कितनी बकाया है तथा कितनी कंपलेंट को दूर किया गया है, इस बात की जांच की। इसके साथ ही सीएम फ्लाईंग ने नई कनेक्शन का रिकॉर्ड भी जांचा। क्योंकि बड़ी संख्या में लोगों द्वारा अप्लाई किए गए कनेक्शनों को समय पर ना दिए जाने की शिकायतें थी। वही बिजली विभाग के द्वारा की गई रिक्वरी के डॉक्यूमेंट भी जांच किए गए। इस बारे में बिजली विभाग के सर्कल एसडीओ चेतन ने बताया कि आज सीएम फ्लाईंग उनके ऑफिस में पहुंची। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच के अलावा जांच के साथ जो भी डॉक्यूंट मांग, उनके स्टाफ ने पूर्णतया सहयोग दिया। इन डॉक्यूमेंट में नए कनेक्शनों का स्टेटस, उपभोक्ताओं की समस्या का निदानए संसाधनों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में उनके पास बिजली की अत्याधिक शिकायतें होने के चलते जो शिकायते पैंडिंग रह जाती हैए उन्हे दूर करने के लिए विभाग कार्य कर रहा है। बिजली विभाग के एसडीओ चेतन ने बताया कि कई बार कर्मचारी पोल पर चढ़े होते है तथा आमजन के फोन अटेंड नहीं कर पाते। जिसके चलते कंपलेंट दर्ज नहीं हो पाती। इस प्रकार की शिकायतों को दूर करने के लिए विभाग कार्य कर रहा है। आज की सीएम फ्लाईंग छापेमारी में अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवा मधुमक्खी पालन से शुरू कर सकते हैं अपना स्टार्टअपः प्रोफेसर सिहाग




**भिवानी।** आज के समय में मधुमक्खी पालन एक बेहतर व्यवसाय के रूप में फलफूल रहा है। युवा मधुमक्खी पालन स्वयं का रोजगार और स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं और अपनी आय में बढ़ोतरी कर उद्यमशील बन सकते हैं यह विचार हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार के प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं हनी बी मैन पदम श्री अवॉर्डी प्रो आरसी सिहाग ने चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में जूलॉजी विभाग द्वारा मधु मक्खी पालन पर आयोजित कार्यशाला में उद्यमशील युवाओं एवम पीएचडी स्कॉलर को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालन एक तरफ तो हम उनका संरक्षण कर जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे सकते हैं, वहीं अच्छे व्यवसाय के रूप में अपनाकर हम शहद तथा उससे जुड़े दूसरे उत्पादों का उत्पादन कर स्वरोजगार से अपनी आय में बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने मधुमक्खी पालन में आने वाली बीमारियों,उपचार,बचाव एवं सावधानियों पर विस्तृत विचार व्यक्त किए।

## खबर संक्षेप



भिवानी। विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

### अंग्रेजी कविता पाठ में निकिता ने मारी बाजी

**भिवानी।** हलवासिया विद्या विहार के माध्यमिक विभाग में अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया तथा मनमोहक हाव, भावों के साथ अंग्रेजी में काव्य वाचन कर शानदार प्रस्तुति दी। कक्षा आठवीं की छात्रा यशिका व कनक ने शानदार मंच संचालन किया।



भिवानी। योगाभ्यास करते नन्हें विद्यार्थी।

### संस्कारम प्ले स्कूल में करवाया योगाभ्यास

**भिवानी।** चिड़िया गांव में प्रेमपूरी महाराज मंदिर के समीप संस्कारम प्ले स्कूल में शुक्रवार को बच्चों को योगाभ्यास करवाया गया। बच्चों ने विद्यालय की प्राचार्या मोनिक जांगड़ा के मार्गदर्शन में नेहा, उदिती, नायरा, पंकज, विकास, सारांश, कुनाल, तेजस, केशव, आर्यन, तनिक्षका, भव्या, आरूषि, प्रियंका, मयंक आदि नन्हें-मुन्नें बच्चों ने योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को योग करने का लाभ व योग के प्रकार बताए गए।




भिवानी। जागरूकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स।

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली जागरुकता रैली

**भिवानी।** विश्व पेपर बैग दिवस पर प्लास्टिक हटाओ अभियान के तहत प्लास्टिक के दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों को अवगत करवाने के उद्देश्य से 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी भिवानी के निर्देशानुसार जिला के गांव कलिंगा में स्थित श्रीबालाजी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स द्वारा शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### बकाया पेमेंट को ठेकेदारों का धरना रहा जारी

**चरखी दादरी।** जनस्वास्थ्य विभाग में ठेकेदारों की बकाया पेमेंट व अन्य समस्याओं को लेकर अभियंता के कार्यालय समक्ष यूनियन जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली की अगुवाई में अनिश्चित कालीन धरना 11वें दिन में भी जारी रहा। ठेकेदारों द्वारा मेंटिनेंस एस्टीमेट व पेमेंट सहित अन्य सभी मामलों में हो रही देरी व लापरवाही को लेकर प्रदर्शन किया। यूनियन जिला प्रधान व पूर्व चेयरमैन प्रीतम बलाली व अन्य ठेकेदारों ने बताया कि जिस प्रकार से उदासीन रवैया पेमेंट भुगतान में विभाग तथा अधिकारी अपना रहे है वह जायज नहीं कहा जा

### परचून और मिठाइयों के दुकानों के शटर हुए बंद, बैरंग लौटी टीम

**लोहारू।** इसे खाद्य सुरक्षा विभाग के चिकित्सकों की टीम का खौप कहें या लोहारू में बेची जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर प्रश्न चिह्न कहें कि शुक्रवार को लोहारू शहर में भिवानी से खाद्य सुरक्षा विभाग के चिकित्सकों की टीम के पहुंचने की सूचना मात्र से मिनटों में लोहारू की 90 फीसदी से अधिक मिठाइयों व परचून की दुकानों के शटर बंद हो गए। एक बारगी तो लोहारू में अचानक हड़ताल जैसा माहौल बन गया। दुकानें बंद हो जाने के बाद चिकित्सकों की टीम को बिना कोई जांच या सैंपलिंग के वापिस बैरंग ही लौटना पड़ा।

---

### निबंध प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल स्कूल की हिमांशी अव्वल

# स्किट प्रतियोगिता में जी लिट्रा स्कूल की टीम बनी विजेता

- सेठ किरोड़ीमल मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में भिवानी खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन
- खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 38 स्कूलों के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया
- प्रथम, द्वितीय व तृतीय का जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन





भिवानी। विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि और शिक्षकों का सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खंड शिक्षा विभाग भिवानी द्वारा खंड स्तरीय विद्यार्थी कानूनी शिक्षा कार्यक्रम के तहत सेठ किरोड़ीमल मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय में कानूनी जागरूकता के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्यतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार तंवर ने शिरकत की। कार्यक्रम संयोजक प्रवेश गौतम व मुख्यरूप से जिला संयोजक मन्नू कादियान, खंड संयोजक प्रवक्ता सोनिया उपस्थित रही। विद्यार्थियों में मानव अधिकार, दहेज रोकथाम, नशा मुक्ति, पर्यावरण, बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार, मौलिक कर्तव्य, शिक्षा व सूचना का अधिकार, रेगिंग, सड़क सुरक्षा, घरेलु हिंसा आदि विषयों पर प्रतियोगिताएं करवाई गई।

प्रतियोगिताओं में भिवानी खंड के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सरकारी व प्राईवेट 38 स्कूलों के लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। बीईओ शिवकुमार तंवर ने कहा कि विद्यार्थियों में अपने अधिकार व कर्तव्य की जानकारी तथा अपराधों की रोकथाम के लिए शिक्षा विभाग ने ये प्रतियोगिता करवाई हैं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। मंच संचालन प्रवक्ता डॉ. मनोज शर्मा ने किया। इस मौके पर प्राचार्या रीमा परमार, अनिता नाथ, दुर्गेश नंदनी, राकेश रोहिल्ला, त्रिलोक गाबा, अनिल हलवासिया, समता शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, राजेश कौशिक, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, ममता पालिवाल, विकास शर्मा व लक्ष्मण गौड़ ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम संयोजक प्रवेश गौतम, मुख्यअतिथि शिवकुमार तंवर, मनोज शर्मा, मन्नू कादियान व अन्य अतिथिगणों ने सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

**ये रहा परिणाम :** स्कीट प्रतियोगिता में जी लिट्रा स्कूल की टीम प्रथम, आदर्श स्कूल द्वितीय, वैश्य मॉडल स्कूल की टीम तृतीय, कविता प्रतियोगिता में कैरियर प्लांट पब्लिक स्कूल से प्राची प्रथम, एवीएम स्कूल से ईशिका द्वितीय, वैश्य माडल स्कूल से ईशा तंवर तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में राजकीय मॉडल स्कूल भिवानी से हिमांशी प्रथम, राजकीय स्कूल धनाना से आशु द्वितीय, राजकीय कन्या स्कूल तिगड़ाना से तरीशा तृतीय स्थान पर रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता में आदर्श विद्या मंदिर भिवानी से अर्पित प्रथम, वैश्य मॉडल स्कूल से विधि व महक द्वितीय, जी लिट्रा से भुवि व काव्या गुलिया तृतीय स्थान पर रही।



भिवानी। नाटक का मंचन करते विद्यार्थी।

#### चित्रकला में वैश्य मॉडल स्कूल की हिमांशु प्रथम

चित्रकला प्रतियोगिता में वैश्य मॉडल स्कूल भिवानी से हिमांशु प्रथम व गौरव द्वितीय, राजकीय कन्या स्कूल मानहेरू से पायल तृतीय स्थान पर रही। भाषण में राजकीय कन्या स्कूल बापोड़ा से खुशी प्रथम, एसआरएस स्कूल से हिमांशी द्वितीय, हलवासिया स्कूल से नैना तृतीय, स्लोगन लेखन में केएम पब्लिक स्कूल की पलक प्रथम, राजकीय कन्या स्कूल खरककलां से प्रीति द्वितीय, राजकीय कन्या स्कूल देवसर से कीर्ति तृतीय स्थान पर रही। डॉक्यूमेंट्री में वैश्य मॉडल स्कूल से देवांशी कौशिक प्रथम, भिवानी पब्लिक स्कूल से गर्वित चावला द्वितीय तथा पीएमश्री राजकीय कन्या भिवानी से चंचल तृतीय स्थान पर रही।

---



भिवानी। नीट परीक्षा मामले को लेकर ज्ञापन सौंपते बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारी।

## बहुजन मुक्ति पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- नीट परीक्षा में धांधली की निष्पक्ष जांच व आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग

मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट परीक्षा में हुई धांधली की निष्पक्ष जांच एवं मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र सौंपते हुए पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापति व युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.उमेद सावड़ ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ जब नीट परीक्षा में 67 परीक्षार्थियों ने टॉप किया, जो परीक्षा की पारदर्शिता पर सवालिया निशान है तथा पेपर लीक की संभावनाओं को ठोस करता है। उन्होंने कहा कि यही नहीं सभी 67 परीक्षार्थियों का 720 में से 720 अंक लाना एनटीए को कठघरे में खड़ा करता है, ऐसे में मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों के भविष्य से हो रहे कुठाराघात पर रोक लगाई जा सके। प्रजापति व डॉ. उमेद ने कहा कि एनटीए द्वारा पांच मई को नीट परीक्षा ली थी, जिसमें बहुत सी अनियमित्ताएं मिली थी तथा परीक्षा से पहले ही पेपर लीक होने के साक्ष्य भी सामने आए थे, जिसके चलते बहुत से परीक्षार्थियों के वीडियो और एफआईआर भी थाने में दर्ज हुए थे तथा 13 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया था। सरकार ने गलती छिपाने के लिए 4 जून को लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के दिन ही रिजल्ट घोषित कर दिया।

#### 720 अंकों में से 718 या 719 नंबर देना धांधली

उन्होंने कहा कि कुछ परीक्षार्थी ऐसे है जिनको 718 या 719 नंबर दिए गए, जो धांधली को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि एनटीए द्वारा जारी रिजल्ट और तथ्यों से नीट परीक्षा में धांधली हुई है, ऐसे में वे मांग करते है कि धांधली की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए तथा धांधली में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए। इस मौके पर मोर्चा के जिला संयोजक सतीश मेहरा, जिला मीडिया प्रभारी मनोज उमरावत, संजीव उमरावत, हरीश जमालपुर आदि मौजूद रहे।

---

## खरीफ फसल के मुआवजे को लेकर हुए घपले की जांच की मांग



लोहारू। खरीफ फसल मुआवजा राशि वितरण की जांच को लेकर ज्ञापन देते हुए किसान नेता।

**लोहारू।** वर्ष 2021 की खरीफ फसल के दौरान बांटे गए मुआवजे के दौरान किए गए कथित घपले की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को लोहारू में अनेक किसान संगठनों के लोगों ने प्रदर्शन किया और एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में माध्यम से किसानों इस घपले की आगामी 16 जुलाई तक जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की सूरत में 17 जुलाई को एसडीएम कार्यालय के सामने पंचायत कर घेराव करने की धमकी दी है। गुस्साए किसान नेताओं भाकियू जिला प्रधान मेवा सिंह आर्य और भाकियू युवा प्रदेश अध्यक्ष रवि आजाद ने बताया कि हरियाणा में किसानों के लिए सरकार ने वर्ष 2021 में खरीफ फसल खराबा के मुआवजा को लेकर अधिकारियों व पटवारियों ने एपीआर तैयार करके फाइनल लिस्ट बैंक में जमा करवाई थी। उस सूची में काफी किसानों को वंचित रखा गया तथा लोहारू कस्बे की सीमा से लगते राजस्थान के गांवों में भी कई किसानों महिलाओं खातों में यह मुआवजा की राशि भेज दी गई। इसी मामले में जांच की मांग को लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को भाकियू ब्लाक प्रधान रविन्द्र कस्वां की अध्यक्षता में लोहारू में पंचायत कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

## एनसीसी कैडेट्स ने दिया पौधरोपण व पेपर बैग प्रयोग करने का संदेश



भिवानी। पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए।

**भिवानी।** 11 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रणधीर सिंह के निर्देशानुसार केएम पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया,सचिव राजेश मोड़ा ,प्रबंधक आनंद बासिया प्राचार्या रेनु सैनी, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, एनसीसी अधिकारी सुमन पंवार व रामकरण लोहान ने मिलकर पौधारोपण मुहिम की शुरुआत की । इसके अंतर्गत कैडेट्स ने 100 पौधे लगाए जिनमें औषधियुक्त, फलदार तथा सजावटी पौधे शामिल किए गए । कैडेट्स ने धरती को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने का संदेश दिया । सभी कैडेट्स ने स्कूल प्रांगण में पौधे लगाए तथा उनकी देखरेख का संकल्प लिया। स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय पेपर बैग दिवस पर भाषण व पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। पोस्टर मेकिंग में कैडेट इशिका प्रथम, कैडेट भव्य तंवर द्वितीय तथा कैडेट मनमीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, सचिव राजेश मोडा, प्रबंधक आनंद बासिया, समिति सदस्य जितेंद्र गोयल, प्राचार्या रेनु सैनी, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा ने विजेता कैडेट्स को पुरस्कार प्रदान कर तथा कैडेट अंशिका तंवर को मंच संचालन किया।

### बदलाव जनसंवाद में मिल रहा है समर्थन

**बाढ़ड़ा।** आम आदमी पार्टी द्वारा प्रदेश के अंदर बदलाव जनसंवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जिला सचिव राकेश चांदवास की अगुवाई में बदलाव जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अरविंद केजरीवाल की पांचो गारंटी 24 घंटे बिजली फ्री मिले, अस्पताल में मरीजों का इलाज फ्री हो, हर युवा को रोजगार मिले, अच्छी शिक्षा निशुल्क मिले, हर घर को स्वच्छ पानी मिले पर जनता जमकर मोहर लगा रही है। जिला सचिव ने कहा कि उनके द्वारा गांव नाधा, हंसावास कलां, कारी धारणी, कारीतोखा, कारीआदू, चांदवास, किष्किंधा सहित दर्जन गांवों में अरविंद केजरीवाल की गारंटी को सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

## चेयरपर्सन ने युवाओं को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित



भिवानी। महिलाओं से मुलाकात करती जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक।

**तोशाम।** जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक क्षेत्र के गांव सागवान में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची व भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान ग्रामीणों ने चेयरपर्सन अनिता मलिक का पगड़ी व शॉल ओढाकर सम्मान किया। इस दौरान चेयरपर्सन अनिता मलिक ने जिला परिषद से बन रहे कमरों का निरीक्षण भी किया उन्होंने निर्माण सामग्री गुणवत्ता का जायजा भी लिया और कहा कि निर्माण सामग्री में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की हमारा देश साधु-संतों के दिखाए मार्ग पर चलता है और तोशाम नगरी पर तो बाबा मुंगीपा व बाबा श्याम की असीम कृपा रहती है। मल्लिका कहना था कि ग्रामीणों ने भगवान शिव की प्राण-प्रतिष्ठा कर व भंडारा लगाकर अत्यंत सराहनीय कार्य किया है। इस दौरान मलिक ने स्टेडियम में खेलने वालों बच्चों से भी मुलाकात की व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कृष्णा मलिक, धर्मपाल, रामफल, रामपाल मलिक, भूप सिंह, संतलाल जांगड़ा, ओमबीर फोजी, माँगे गुज्जर, जयकरण, प्रधान कृष्ण, लीला पहलवान, मोहनलाल, टेकराम यादव, भल्लेराम, होशियार सिंह आदि मौजूद रहे।

---

# नगराधीश ने 10 समस्याएं निपटाई

- समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का हो रहा है मौके पर ही समाधान



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगराधीश विपिन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में 23 लोग अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनमें से दस समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। नगराधीश ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्या के समाधान बारे निर्देश दिए।

नगराधीश विपिन कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से लें । उन्होंने कहा कि एक ही समस्या के समाधान के लिए किसी व्यक्ति फिर से न आना पड़े। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्या पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई की जाए। वहीं दूसरी ओर नगराधीश ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार समाधान प्रकोष्ठ के समक्ष आने वाली प्रत्येक शिकायता का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाता है।

प्रत्येक कार्य दिवस को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल में उपमंडलाधीश कार्यालय में सुबह 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नागरिक अपने संबंधित एसडीएम कार्यालय में लगने वाले समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

### तीन दोस्तों में झगड़ा दो पर मामला दर्ज

**लोहारू।** शहर की श्मशान भूमि क्षेत्र में तीन दोस्तों द्वारा मांस.मदिरा का सेवन करते हुए झगड़ा हो गया। जिसमें घायल एक दोस्त की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने दो अन्य दोस्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में वार्ड न. एक निवासी राजेंद्र ने बताया कि राजेंद्र ने बताया कि मैं अपने दोस्त सुखदव व बाढ़ा के साथ लोहारू के बाहर श्मशान भूमि में गए और वहां पर मेरे दोनों दोस्तों ने मास पकाया और मदिरा भी ला रखी थी। इस दौरान शराब पीने के बाद दोनों दोस्त उसको मास खिलाने के लिए जबरदस्ती करने लगे। जिस पर दोनों मारने की धमकी दी और वहां पड़े एक बांस से उस पर हमला कर दिया। राजेंद्र मुश्किल से वहां से भागने में कामयाब हो गया।

# किया जा रहा शिकायतों का निपटारा: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



आमजन कार्य दिवस में सुबह 9 से 11 बजे तक लिखित शिकायत लेकर आएं : दलाल

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार नियमित रूप से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज शुक्रवार को उपमंडल परिसर स्थित कार्यालय में समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम मनोज कुमार दलाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जहां शिविर में आई शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया गया।

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र, बुढापा पेंशन, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, बिजली, पानी आदि आई विभिन्न समस्याओं को लेकर त्वरित समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियो को दिए। आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहे हैं। उन्होंने आमजन का आह्वान करते हुए कहा कि वे समस्या समाधाना शिविरों को भरपूर फायदा उठाएं।

### एसपी ने अधिकारयों के साथ की बैठक

**चरखी दादरी।** पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग डीएसपी व थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि ग्राम प्रहरी द्वारा किए जाने वाले कार्य की समय समय पर समीक्षा करने तथा सूचनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थ बेचने वालों की पहचान कर प्रभावी कार्रवाई व प्रॉपटी प्रॉपटी अटैच की करें। उन्होंने पूर्व में नशा बेचने वालों की भी जानकारी ली और उनपर निगरानी रखने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों, मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें। महिला सुरक्षा को लेकर चर्चा करते हुए उन्होंने चिन्हित किए गए हॉटस्पॉट पर मनचलों पर नजर रखें।

---

### प्राथमिक अध्यापकों के समान्य तबादले तुरंत हो और तबादलों में सेवा अवधि को आधार बनाया जाए

# प्राथमिक अध्यापकों ने राज्यव्यापी आंदोलन के लिए कसी कमर, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आयोजित धरने का संबोधित करते एक वक्ता। फोटो : हरिभूमि

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ भिवानी ने अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय के सामने सांकेतिक धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान भूपेन्द्र चाहर ने तथा संचालन जिला महासचिव सुमित शर्मा ने किया।

जिला कोषाध्यक्ष संजय जांगड़ा व प्रेस प्रवक्ता अनिल सांगवान ने बताया कि शुक्रवार को जिला उपायुक्त के प्रतिनिधी को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जिसमे विद्यालयों, प्राथमिक अध्यापकों और बच्चों की माँगो को तुरंत हल करने को कहा गया। जिला उप प्रधान राजेश व मुख्य सलाहकार नाहनूराम ने बताया कि अध्यापकों की एसीपी तुरंत लगाई जाए और अध्यापकों पर उनकी नियुक्ति के समय के नियम लागू हों। प्राथमिक अध्यापकों के समान्य तबादले तुरंत हो और तबादलों में आयु को आधार न मानकर सेवा अवधि को आधार बनाया जाए।

सरकार के द्वारा पूरे राज्य में समायोजन की आड़ में 337 प्राथमिक विद्यालयों को बंद करके ग्रामीण और दूर दराज के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से दूर किया जा रहा है। विभाग तुरंत स्कूल मर्जिंग को बंद करें। प्राथमिक अध्यापकों के सभी विषयों पर टीजीटी के पद पर पदोन्नति शीघ्र की जाए। छात्र अध्यापक अनुपात 1:25 किया जाए और प्रत्येक विद्यालय में अध्यापक उपलब्ध करवाए। आश्रितों की चिकित्सा सुविधा में माता.पिता की आय को बढ़ाया जाए,जो पिछले 15 सालों से नहीं बढ़ाई गई है। अध्यापकों के म्युचुअल तबादले किये जाए। प्राथमिक मॉडल संस्कृति विद्यालयों में बच्चों से ली जाने वाली फीस तुरंत प्रभाव से बंद की जाए और उन विद्यालयों में हिंदी व अंग्रेजी माध्यम की पुस्तक उपलब्ध करवाई जाए। बच्चों की दाखिला प्रक्त्रिया को सरल बनाया जाए। सरकार की मनसा ऐसी दिख रही है कि वह स्वयं स्कूलों को बंद करने की इच्छा रखती है।

#### ज्वलंत समस्याओं को लेकर गेट मीटिंग की



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम कार्यालय के प्रांगण में शुक्रवार सुबह राज्य के चारों बिजली निगमों के कार्यालय में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों की मांगों को लेकर एक गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अमित चौहान ने तथा मंच संचालन नरेंद्र सचिव ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अमित चौहान ने बताया कि राज्य सरकार पिछले कई वषोंर् से कच्चे कर्मचारियों का शोषण कर रही है। वहीं कर्मचारियों को चिरायु योजना के तहत उनके वेतन से 1500 जो की मेडिकल कैशलेस सुविधा के लिए काटे गए थे। और चिरायु कार्ड देने की बात कही गई थी। जिससे उनका इलाज अच्छे अस्पतालों में सही समय पर हो जाए। लेकिन अभी तक कर्मचारियों का कोई कार्ड वितरित नहीं किया गया है। पिछले 4 सालों से उनके वेतन में वृद्धि नहीं हो पाई है और नहीं उनके पी एफ खाते ठीक किए गए हैं। प्रधान अमित चौहान ने राज्य सरकार से मांग की है कि कच्चे कर्मचारियों की समस्याओं की ओर ध्यान देकर इनके चिरायु कार्ड बनाने पीएफ खातों का सही रख रखाव करने व कच्चे कर्मचारियों को गृह जिले में तबादला किए जाएं।